वर्ष 5 अंक 165
पृष्ठ 12
धनबाद, मंगलवार
20 दिसंबर 2016
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार



प्रियंका चोपड़ा बनीं असम टूरिज्म की ब्रांड एंबेसडर 9
कांग्रेस भ्रष्ट और झूठी : मोदी 11

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

**मौसम**
आसार है कि दिन में मध्यम धूप खिलेगी। सुबह ठंडक बनी रहेगी। दिन में मौसम आनंददायक और आर्द्र बना रहेगा। दिन में आकाश साफ रहेगा।

सूर्य 5:00 (अस्त) 5:52 (उदय-कल)
तापमान 26.0 (अधि.) 12.0 (न्यून.)
आर्द्रता 88 (अधि.) 34 (न्यून.)



# लक्ष्य निर्धारित कर छात्र करें पढ़ाई : डीआइजी

**आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। काफी संख्या में छात्रों ने कई सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र था। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल के आइएसपी इकाई के डीआइजी सौगत राय, स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रतीक गोयनका, प्राचार्य आरडी शर्मा आदि मौजूद थे। डीआइजी सौगत राय ने स्कूल की प्रशंसा की एवं कहा कि छात्रों को वर्तमान समय में लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की जरूरत है, तभी जीवन में उन्हें सफलता मिलेगी। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व नाटकों का मनमोहक प्रदर्शन किया। नन्हें बच्चों के नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने देश की ज्वलंत समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ पर नाटक का मंचन किया। इसके अलावा हिंदी नाटक वट वृक्ष के माध्यम से बच्चों ने बुजुर्गों की स्थिति को दर्शाया एवं उनकी सेवा की प्रेरणा दी। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे ।